Date TEACHING OF MATHEMATICS B.Ed. Ist year

Topic- सहायक सामग्री Period- IInd

सहायक सामग्री के प्रकार =>

सहायक सामग्री के महत्व के आधार पर हम इसका वर्गीकरण निम्न प्रकार कर सकते है।

1- दृश्य सामग्री (Visual Aids) =>

गणित में ऐसी सहायक सामग्री जिसको बात आँखो से देखकर उपयोग कर सके प्राय: चित्र, आकृति या चार्ट ही है।

2 श्रव्य सामग्री (Audio - Aids) =>

वे साधन जिनको कान से सुना जाये, जैसे ग्रामोफोन, रिकॉर्ड, रेडियो, भाषा फोन आदि श्रव्य सामग्री के अन्तर्गत ही आते है।

3 दृश्य श्रव्य सामग्री (Audio - Visual Aids) =>

ऐसी शिक्षण सामग्री जिसमे बात सुन भी सकते है और देख भी सकते है अर्थात आँख और कान दोनो का एक ही साथ उपयोग हो सके। जैसे टेलीविजन, चलचित्र और फिल्म प्रोजेक्टर आदि।

Scanned with CamScanner

⇒ गणित शिक्षण में सहायक सामग्री के रूप में प्रयुक्त होने वाली वस्तुएं निम्न हो सकती है।

① श्यामपट्ट (Black Board) ⇒

गणित शिक्षण में श्यामपट्ट का प्रयोग आवश्यक है। गणित अध्यापक को श्यामपट्ट को प्रयोग करने की विधि का पूरा पूरा ज्ञान होना चाहिये।

② मॉडल (Models) ⇒

अध्यापक के लिये यह सदैव सम्भव नही होता कि वह विद्यार्थियो के समुख वास्तविक पदार्थ प्रस्तुत कर सके। ऐसी स्थिति में वह मॉडल से पर्याप्त सहायता ले सकता है।

सावधानियां ⇒

गणित शिक्षण में जब चार्ट, मॉडलो, चित्रो तथा रेखाचित्रो का प्रयोग किया जाये तो शिक्षक को चाहिये कि वह निम्न बातो को ध्यान में रखकर ही प्रयोग करे।

1. ये सभी चीजें रुचिकर होनी चाहिये अर्थात ये विद्यार्थियो की रुचि के अनुकूल हो।
2. ये चित्र, चार्ट, मॉडल इत्यादि स्वय में ही समस्या न बनकर रह जाये।

Scanned with CamScanner

३ चार्ट, चित्र, मॉडल तथा रेखाचित्र विषय से सम्बन्धित और सही होने चाहिये।

४ = ये वस्तुएं सरल होनी चाहिये। विद्यार्थी इन्हें देखकर स्वयं ही समझ जाय।

३ बुलेटिन बोर्ड (Bulletin Board) =

बुलेटिन बोर्ड पर समाचार पत्रों मैगजीन इत्यादि से गणित की मुख्य समस्याओं, गणित सम्बन्धी समाचारों, ग्राफों, पोस्टरों आदि को प्रदर्शित करके छात्रों का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया जा सकता है।

४ जादू की लालटेन =

इस साधन के शैक्षिक मूल्य को प्रायः सभी शिक्षा शास्त्रियों ने स्वीकार किया है। इसके द्वारा शिक्षण में सजीवता एवं प्रभावपूर्णता लायी जा सकती है। अमूर्त तथा गूढ़ तथ्यों को बोधगम्य बनाने के लिये यह अमूल्य साधन है।

Ojha
23/04/22.

Scanned with CamScanner